'एक पेड़ मां के नाम' एवं 'हरियालो राजस्थान' अभियान में दो हजार पौधों का सघन वृक्षारोपण

अजमेर, (निसं)। पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने तथा भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, हरित एवं संतुलित वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल ने शुक्रवार को दौराई रेलवे स्टेशन के सामने ब्यावर रोड स्थित कप्तान दुर्गा प्रसाद कृषि उपज मंडी परिसर में दो हजार पौधों का सघन वृक्षारोपण किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित कर उनके संरक्षण एवं नियमित देखभाल का भी संकल्प लिया गया।

इस अवसर पर विधायक भदेल ने कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश एवं विश्व स्तर पर प्रेरणा का स्रोत बने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान ने पर्यावरण संरक्षण को जनभावनाओं से जोड़ने का कार्य किया है। प्रत्येक नागरिक यदि अपनी माँ के सम्मान में एक पौधा लगाकर उसका संरक्षण करने का संकल्प ले, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए हरित, स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण का निर्माण संभव हो सकेगा।

विधासक भदेल की उपस्थिति में कप्तान दुर्गा प्रसाद कृषि उपज मंडी परिसर में दो हजार पौधों लगाए गए।

उन्होंने कहा कि राजस्थान के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में संचालित 'हरियालो राजस्थान' अभियान प्रदेशभर में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रभावी जनभागीदारी का उदाहरण बन रहा है। राज्य सरकार का लक्ष्य केवल अधिक से अधिक पौधे लगाना ही नहीं, बल्कि उनके संरक्षण के माध्यम से हरित राजस्थान का निर्माण करना भी है। इसी सोच के साथ प्रदेशभर में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। विधायक भदेल ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और घटते हरित क्षेत्र जैसी चुनौतियों का समाधान केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है।

कार्यक्रम में जिला कलेक्टर लोक बंधु ने कहा कि एक विकसित, समृद्ध और स्वस्थ भारत के निर्माण के लिए पर्यावरण संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। वृक्ष केवल ऑक्सीजन का स्रोत ही नहीं, बल्कि जल संरक्षण, जैव विविधता और प्राकृतिक संतुलन के आधार भी हैं। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन

■ **पर्यावरण संरक्षण जन-जन का संकल्प बने, यही अभियान का उद्देश्य- भदेल**

में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाकर उसका पालन-पोषण करना चाहिए। इस अवसर पर भाजपा शहर जिला महामंत्री राजेश घाटे, भाजपा शहर जिला उपाध्यक्ष रविन्द्र सिंह जादौन, आर्य मण्डल अध्यक्ष भवानी सिंह जैदिया, आदर्श मण्डल अध्यक्ष हितेश ढाबरिया, आनन्द सिंह चौधरी, सुरेश गुर्जर, नरेन्द्र सोनी, घनश्याम खत्री, चिराग चौधरी, कैलाश बुराडिया, देवेश शेखावत, सुनील सिंह रावत, सुभाष भटनागर, उमेश मीणा, अजमेर दक्षिण स्वास्थ्य अधिकारी सीमा चौधरी, योगेन्द्र शेखावत, मनोहर सोनगरा, महिला इंजीनियरिंग कॉलेज के अमरजीत पुनिया, सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

उत्तर पश्चिम रेलवे के तीन अधिकारियों को भावभीनी विदाई दी

अजमेर, (निसं)। उत्तर पश्चिम रेलवे के अजमेर मंडल के टिकट जांच विभाग की ओर से मंडल मुख्य टिकट निरीक्षक नंदराम, मुख्य टिकट निरीक्षक पृथ्वीराज तथा उप मुख्य टिकट निरीक्षक कैलाश चंद महावर के सेवानिवृत्त होने पर

■ **36 से 37 वर्षों की निष्कलंक सेवा को किया गया सम्मानित, विधायक अनीता भदेल ने स्मृति चिह्न देकर दी शुभकामनाएं**

सम्मान एवं विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में तीनों अधिकारियों की लगभग 36 से 37 वर्षों की उत्कृष्ट, ईमानदार एवं गौरवपूर्ण रेल सेवा को याद करते हुए उनके योगदान की सराहना की गई।

समारोह में वक्ताओं ने कहा कि तीनों अधिकारियों ने अपने लंबे सेवाकाल के दौरान कर्तव्यनिष्ठा,

सेवानिवृत्त समारोह मे विधायक भदेल ने तीनों अधिकारियों को साफा, माला और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और विभाग के प्रति समर्पण का परिचय देते हुए रेलवे की गरिमा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। उनके कार्यों से नई पीढ़ी के रेलकर्मियों को प्रेरणा मिलती रहेगी।

मुख्य अतिथि अजमेर दक्षिण विधायक अनीता भदेल ने तीनों अधिकारियों को साफा, माला और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि रेलवे कर्मचारियों की निष्ठा, अनुशासन और सेवा भावना समाज के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने तीनों अधिकारियों के स्वस्थ, सुखमय एवं सम्मानपूर्ण सेवानिवृत्ति जीवन की शुभकामनाएं दीं।

समारोह में रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों, सेवानिवृत्त रेलकर्मियों, सामाजिक गणमान्य नागरिकों तथा बड़ी संख्या में टिकट जांच स्टाफ ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने तीनों अधिकारियों के योगदान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी।

सार-समाचार

अमृत भारत योजना के तहत ब्यावर रेलवे स्टेशन का तेजी से बदल रहा स्वरूप

अजमेर, (निसं)। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत अजमेर मंडल के ब्यावर रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास कार्य तेजी से प्रगति पर है। भारतीय रेल स्टेशन को आधुनिक यात्री सुविधाओं, आकर्षक भवनों तथा दिव्यांगजन अनुकूल व्यवस्थाओं से सुसज्जित कर विश्वस्तरीय स्वरूप देने की दिशा में कार्य कर रही है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक मिहिर देव ने बताया कि स्टेशन भवन, पैदल ऊपरी पुल, लिफ्ट, जल निकासी व्यवस्था, सर्कुलेटिंग क्षेत्र तथा अन्य यात्री सुविधाओं से जुड़े अधिकांश निर्माण कार्य 70 से 90 प्रतिशत तक पूरे हो चुके हैं। मुख्य एवं द्वितीय प्रवेश भवनों का बाहरी स्वरूप, पत्थर की सजावट, चित्रांकन, कार्यालय, शौचालय और अन्य निर्माण अंतिम चरण में हैं। प्लेटफार्मों पर लिफ्ट, रैंप, ग्रेनाइट कार्य, पैदल ऊपरी पुल तथा दिव्यांग यात्रियों के लिए विशेष सुविधाएं भी तेजी से विकसित की जा रही हैं। इसके अलावा स्टेशन परिसर में टैक्टाइल टाइल्स, दिव्यांग रैंप, पेयजल व्यवस्था, शौचालयों का उन्नयन, जल निकासी प्रणाली तथा पार्किंग क्षेत्र का विकास भी किया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि शेष कार्य भी निर्धारित समय में पूरे कर यात्रियों को आधुनिक एवं सुरक्षित सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

कमांडो निर्मल सिंह स्मृति राइफल शूटिंग प्रतियोगिता 4 अगस्त से

अजमेर, (निसं)। महाराजा दाहरसेन की 1357 वीं जयंती के अवसर पर 4 से 7 अगस्त तक चंद्रवरदाई नगर स्थित अंबेडकर भवन में प्रथम अखिल भारतीय कमांडो निर्मल सिंह स्मृति राइफल शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता का आयोजन करणी स्पोर्ट्स शूटिंग एवं एडवेंचर अकादमी की ओर से किया जा रहा है। इसमें देशभर से एक हजार से अधिक छात्र-छात्राएं, पुरुष एवं महिला निशानेबाज भाग लेंगे। आयोजन समिति के कंवल प्रकाश किशनानी ने बताया कि प्रतियोगिता राजस्थान राइफल शूटिंग एसोसिएशन एवं अखिल भारतीय राइफल शूटिंग महासंघ के नियमों के अनुसार होगी। अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी विनीत लोहिया ने बताया कि प्रतिभागियों के लिए आधुनिक शूटिंग सुविधाओं के साथ आवास एवं भोजन की व्यवस्था भी की गई है। प्रतियोगिता कमांडो निर्मल सिंह की स्मृति में आयोजित की जा रही है, जिन्होंने वर्षों तक प्रदेश के खिलाडिय़ों को प्रशिक्षण दिया।

पुष्कर को मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधा की सौगात

पुष्कर(निसं)। लंबे समय से क्षेत्रवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग रहे पुष्कर उप जिला चिकित्सालय के निर्माण कार्य का शिलान्यास शनिवार, 1 अगस्त को सुबह 11 बजे बूढ़ा पुष्कर बाईपास मार्ग स्थित प्रस्तावित भूमि पर किया जाएगा। इस अवसर पर आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री एवं पुष्कर विधायकसुरेश सिंह रावतहोंगे, जबकि नगर परिषद के पूर्व सभापतिकमल पाठकविशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। भाजपा अजमेर देहात के जिला प्रवक्ताअरुण वैष्णवने बताया कि उप जिला चिकित्सालय का निर्माण पुष्कर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को आधुनिक और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। अस्पताल बनने के बाद मरीजों को उपचार के लिए अजमेर सहित अन्य शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। इससे स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार होगा और आपातकालीन चिकित्सा सुविधाएं भी सुलभ हो सकेंगी। उन्होंने कहा कि उप जिला चिकित्सालय के निर्माण से हजारों लोगों को लाभ मिलेगा तथा क्षेत्र की चिकित्सा व्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी। भाजपा संगठन ने इस परियोजना को क्षेत्र के विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है। तैयारियों का लिया जायजा: शिलान्यास समारोह को लेकर शुक्रवार को बूढ़ा पुष्कर बाईपास स्थित कार्यक्रम स्थल पर तैयारियों का जायजा लिया गया।

अजमेर में कुलपति सचिवालय के बाहर छात्रों ने अनिश्चितकालीन धरना

अजमेर, (निसं)। महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय (एमडीएसयू) में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत बंद की गई पुनर्मूल्यांकन (रिवोल्यूशन) प्रणाली को दोबारा लागू करने की मांग को लेकर शुक्रवार को छात्रों ने कुलपति सचिवालय के बाहर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। राज्यपाल के एक अगस्त को प्रस्तावित विश्वविद्यालय दौरे से ठीक एक दिन पहले शुरू हुए इस आंदोलन से परिसर का माहौल गर्मा गया।

धरने में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे। इसी दौरान एनएसयूआई के छात्र नेता हेमंतपाल रावल भी धरना स्थल पर पहुंचे और पुनर्मूल्यांकन प्रणाली बहाल करने की मांग का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि परीक्षा परिणामों में त्रुटियों अथवा अन्याय का सामना करने वाले विद्यार्थियों को निष्पक्ष पुनर्मूल्यांकन का अवसर मिलना चाहिए, ताकि उनकी शैक्षणिक प्रगति प्रभावित न हो।

हेमंतपाल रावल ने कहा कि एनएसयूआई लंबे समय से पुनर्मूल्यांकन

■ **राज्यपाल के प्रस्तावित दौरे से पहले एमडीएसयू में पुनर्मूल्यांकन प्रणाली बहाल करने की मांग तेज, छात्र नेता और कुलपति के बीच तीखी नोकझोंक**

प्रणाली को पुन: लागू करने की मांग कर रही है। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था विद्यार्थियों के हितों की रक्षा के लिए आवश्यक है और विश्वविद्यालय प्रशासन को इसे शीघ्र प्रभावी रूप से लागू करना चाहिए, जिससे विद्यार्थियों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि कई विद्यार्थियों को परीक्षा परिणामों में त्रुटियों के कारण नुकसान उठाना पड़ता है। ऐसे में पुनर्मूल्यांकन प्रणाली उनके लिए न्याय पाने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

धरने के दौरान हेमंतपाल रावल और विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुरेश अग्रवाल के बीच तीखी नोकझोंक भी देखने को मिली। रावल ने आरोप लगाया कि छात्रहित से जुड़े मुद्दों को लेकर जब भी एनएसयूआई प्रतिनिधिमंडल कुलपति से मिलने का प्रयास करता है, उन्हें समय नहीं दिया जाता। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान करना विश्वविद्यालय प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है, लेकिन उनकी मांगों की लगातार अनदेखी की जा रही है। इस कारण छात्रों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। रावल ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर एनएसयूआई से जुड़े विद्यार्थियों के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार करने का आरोप लगाया। उन्होंने पुनर्मूल्यांकन प्रणाली को शीघ्र बहाल करने के साथ-साथ फार्मेसी के विद्यार्थियों से जुड़े लंबित मामलों का भी जल्द समाधान कर उन्हें न्याय दिलाने की मांग की। धरना-प्रदर्शन के दौरान विभिन्न छात्र संगठनों के पदाधिकारी, छात्र नेता और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे। अब सभी की निगाहें राज्यपाल के प्रस्तावित दौरे और विश्वविद्यालय प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

मुंशी प्रेमचंद जयंती पर तीन दिवसीय साहित्यिक कार्यक्रम सम्पन्न

अजमेर, (निसं)। अजमेर लेखिका मंच एवं सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा हिंदी साहित्य के महान कथाकार एवं उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती के उपलक्ष्य में 29 से 31 जुलाई तक तीन दिवसीय साहित्यिक आयोजन आभासी माध्यम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मंच से जुड़ी महिला साहित्यकारों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए प्रेमचंद के व्यक्तित्व, कृतित्व और साहित्यिक योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए।

पहले दिन सामाजिक चेतना पर हुई चर्चा: 29 जुलाई को काजल खत्री, महिमा श्रीवास्तव, सोनू सिंघल और सुनीता पचौरी ने प्रेमचंद के साहित्य में सामाजिक चेतना, मानवीय मूल्यों तथा यथार्थवादी लेखन की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि प्रेमचंद की रचनाएं आज भी समाज को नई दिशा देने का कार्य कर रही हैं।

दूसरे दिन साहित्यिक विशेषताओं पर हुए विचार: 30 जुलाई को भावना शर्मा, कविता जोशी, पुष्पा शर्मा कुसुम तथा लता शर्मा ने प्रेमचंद की प्रमुख

■ **अजमेर लेखिका मंच ने आभासी माध्यम से किया आयोजन, साहित्यकारों ने साझा किए विचार**

कहानियों और उपन्यासों की साहित्यिक विशेषताओं का विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि प्रेमचंद का साहित्य प्रत्येक पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत है और सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम भी है।

समापन दिवस पर जीवन संघर्ष और साहित्य साधना पर चर्चा: 31 जुलाई को आयोजित समापन सत्र में कविता अग्रवाल और मधु खंडेलवाल ने प्रेमचंद के संघर्षपूर्ण जीवन, साहित्य साधना, पारिवारिक जीवन तथा समाज सुधार के प्रति उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने उनके जीवन से जुड़े अनेक प्रेरक प्रसंग साझा करते हुए कहा कि प्रेमचंद की रचनाएं आज भी समाज को जागरूक और संवेदनशील बनाने का कार्य कर रही हैं।

व्यापारियों की समस्याओं से अवगत कराया

ब्यावर (निसं)। ब्यावर जिला व्यापार संघ के प्रतिनिधिमंडल ने नवनियुक्त नगर परिषद आयुक्त कीर्ति कुमावत से शिष्टाचार भेंट कर मुख्य बाजार क्षेत्र में व्यापारियों एवं आमजन को हो रही विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया तथा उनके शीघ्र समाधान की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य बाजार में महिलाओं के लिए सार्वजनिक शौचालय एवं बाथरूम की अनुपलब्धता का मुद्दा प्रमुखता से उठाते हुए आवश्यक व्यवस्था करने का आग्रह किया। इसके साथ ही बाजार क्षेत्र के पार्किंग स्थलों एवं विद्युत पोलों पर बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को शीघ्र चालू कराने की मांग रखी गई। व्यापार संघ ने बाजार के सौंदर्यीकरण के अंतर्गत विद्युत खंभों पर आकर्षक गमले, सजावटी लाइटें एवं अन्य सौंदर्यीकरण कार्य कराने का सुझाव भी दिया, जिससे बाजार की सुंदरता बढ़े और बाहर से आने वाले लोगों पर सकारात्मक प्रभाव पड़े। बैठक में शहर में घूम रहे आवारा पशुओं से उत्पन्न हो रही परेशानियों एवं उनसे होने वाली दुर्घटनाओं पर भी गंभीर चिंता व्यक्त की गई।

अजमेर दरगाह में विद्या देवी ने पेश की चादर

अजमेर(निसं)। विश्व प्रसिद्ध सूफी संत हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती रहमतुल्लाह अलैही की दरगाह में असम की पंडित विद्या देवी ने जियारत कर अकीदत का नजराना पेश किया। उन्होंने ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह में आस्था की चादर और फूल पेश कर देश में सुख-शांति, समृद्धि और भाईचारे की दुआ मांगी। दरगाह जियारत के दौरान पंडित विद्या देवी ने सूफियाना कव्वालियों का आनंद लिया तथा आमजन और श्रद्धालुओं के बीच लंगर का वितरण भी किया। इस अवसर पर उनके साथ आए प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने भी दरगाह में हाजिरी देकर दुआ की। दरगाह के खादिम सैयद अहमद अली नियाजी ने पंडित विद्या देवी और उनके साथियों को दरगाह की जियारत कराई। वहीं सैयद आसिफ अली चिश्ती ने प्रतिनिधिमंडल के सभी सदस्यों की दस्तारबंदी कर उन्हें दरगाह का प्रसाद भेंट किया। दरगाह में जियारत के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए पंडित विद्या देवी ने कहा कि हाल ही में दिल्ली के जंतर-मंतर पर हुआ छात्र आंदोलन अपनी जगह सही हो सकता हैं।

बीजीय मसाला अनुसंधान केंद्र पहुंचे विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति

अजमेर/ मांगलियावास, (निसं)। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान केंद्र, अजमेर में राजस्थान के विभिन्न कृषि एवं विश्वविद्यालयों के कुलपतियों

■ **अनुसंधान, प्राकृतिक खेती और गुणवत्ता बीज उत्पादन पर हुआ मंथन, संस्थानों के बीच सहयोग बढ़ाने पर जोर**

ने भ्रमण कर अनुसंधान गतिविधियों का अवलोकन किया। इस दौरान बीजीय मसाला फसलों पर चल रहे अनुसंधान, प्राकृतिक खेती, गुणवत्ता बीज उत्पादन, मूल्य संवर्धन तथा कृषि नवाचारों की जानकारी प्राप्त की गई। भ्रमण के दौरान कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर के कुलपति वीरेन्द्र सिंह जैतावत, कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय

बीजीय मसाला अनुसंधान केंद्र में विश्वविद्यालयों के कुलपतियों ने भ्रमण कर अनुसंधान गतिविधियों का अवलोकन किया।

जोबनेर के कुलपति पुष्पेन्द्र सिंह चौहान, महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय भरतपुर के कुलपति मदनसिंह राठौड़ तथा स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय बीकानेर के कुलपति बी.आर. छीपा ने संस्थान की विभिन्न अनुसंधान इकाइयों का निरीक्षण किया। बैठक में मानव संसाधन विकास, तकनीक हस्तांतरण तथा संस्थान एवं राज्य कृषि विश्वविद्यालयों के बीच अनुसंधान सहयोग को और अधिक मजबूत बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक विनय भारद्वाज ने सभी कुलपतियों का स्वागत किया।

उत्तर पश्चिम रेलवे

PROFORMA - 10.01

सार्वजनिक सूचना

EL/TRD/EIG/25KV/OHE/JWS-SGW दिनांक : 31.07.2026

रेलवे लाइनों और परिसरों के सभी उपयोगकर्ताओं को एतत् द्वारा सूचना दी जाती है कि अजमेर मण्डल उत्तर पश्चिम रेलवे के निम्नलिखित खण्ड पर 25000 वोल्ट, 50 हट्र्ज, एसी शिरोपरि कर्षण तारों को खण्ड के सामने निर्विदिष्ट तारीख 05.08.2026 को या बाद में ऊर्जित किया जाएगा। उस तारीख पर और उस तारीख से शिरोपरि कर्षण लाइन को सब समय विद्युन्मय माना जाएगा और कोई अनाधिकृत व्यक्ति उस शिरोपरि लाईन की सामीप्यता में दाखिल होने या काम करने नही जाएगा ।

खण्ड:

अजमेर मंडल के **झड़वासा (सहित) – सिंगावल (सहित) खंड में ओएचई अप लाइन के मास्ट नं. 33/29 (किमी 33 /722.00) से 53/13 (किमी 53 / 201.00) तक**

PROFORMA 10.02

"सड़क उपभोक्ताओं को चेतावनी"

जन साधारण की सूचना के लिए अधिसूचित किया जाता है कि अजमेर मण्डल, उत्तर पश्चिम रेलवे के खण्ड **झड़वासा (सहित) – सिंगावल (सहित) अप लाइन खंड में मास्ट नंबर 33/29 (किमी 33/722.00) से 53/13 (किमी 53 / 201.00) तक दिनांक 05.08.2026** या उसके बाद 25000 वोल्ट पर उर्जित होने के कारण सभी समपारो पर सडक सतह से 4.78 मी. की स्पष्ट ऊंचाई पर ऊंचाई गेज लगाई गई और अत्यधिक ऊंचाई के भार को संपर्क में आने या खतरनाक निकटता से बचाने के लिए कॉन्टैक्ट वायर रेल स्तर से कम से कम 5.50 मीटर की ऊंचाई पर होगा ताकि बहुत अधिक ऊंचाई वाले लोड को विद्युन्मय कर्षण तार की खतरनाक सन्निकटता या सम्पर्क में आने से रोका जा सके ।

जन साधारण को एतद् द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि वाहनों के लदान के प्रयोजन के लिए उक्त विनिर्दिष्ट ऊंचाई का पालन करें और यह देखें कि सड़क वाहन में ढोये जा रहे लोड से किसी भी स्थित में ऊंचाई गेजों का उलंघन न करें ।

1. अत्यधिक गेज के लिए खतरा और उसके फलस्वरूप सड़क और रेलवे लाइन पर बाधा ।
2. वाहन पर ले जाये जा रहे सामग्रियों या उपस्कर को खतरा।
3. चालको की खतरनाक सामीप्यात या संपर्क के कारण आग का खतरा और जीवन की हानि का खतरा ।

1119-CQ/26

हमें /NWRailways /NWRailways_ पर फॉलो करें

पीसांगन में जन अभियोग समिति की बैठक आयोजित

अजमेर, (निसं)। पीसांगन उपखंड कार्यालय में उपखंड स्तरीय जन अभियोग एवं सतर्कता समिति की मासिक बैठक उपखंड अधिकारी राजीव बड़गुजर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में आमजन से जुड़ी विभिन्न समस्याओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में पेयजल, विद्युत, सड़क तथा अन्य जनहित से जुड़े मामलों पर विस्तार से चर्चा की गई। उपखंड अधिकारी ने राजस्थान संपर्क पोर्टल पर लंबित शिकायतों का शीघ्र निस्तारण करने तथा शिकायतों के समाधान की गुणवत्ता की नियमित समीक्षा करने पर विशेष जोर दिया। सतर्कता समिति ने विभिन्न विकास कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रशासनिक पारदर्शिता की भी समीक्षा की। अधिकारियों से कहा गया कि आमजन को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए जिला मुख्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ें और प्रत्येक अधिकारी अपनी जिम्मेदारी पूरी गंभीरता से निभाए।

जिला कलक्टर की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

भीलवाड़ा (निसं)। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में शुक्रवार को आयोजित की गई। बैठक के सदस्य सचिव सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियन्ता भैरूलाल रेगर ने पूर्व बैठक की अनुपालना रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। बैठक में सभी विभाग के अधिकारियों के साथ एनजीओ इण्डियन रेड क्रोस सोसायटी एवं विश्वास फाउण्डेशन के सदस्य भी उपस्थित रहे।

जिले की एनएचएआई अजमेर के अधीन किशनगढ़-गलाबपुरा-एनएच-48 एवं भीम गुलाबपुरा एनएच-148 पर स्थित शराब की दुकानों का सर्वे कर उनको हटाने हेतु आबकारी विभाग को निर्देश दिये गये। जिले के समस्त राष्ट्रीय राजमार्ग की सड़कों एवं शहरी क्षैत्र की सड़कों पर निरीक्षण कर ब्लेक स्पॉट पर आवश्यक सुधार कार्य कराने, शहर की विभिन्न सड़कों/चैराहों पर ट्रेफिक लाईट को सुचारू रूप से संचालित रखने एवं अजमेर चैराहे पर लगी ट्रैफिक लाईट के समय निर्धारण, जेबरा क्रोसिंग, रंबल स्ट्रीप लगाने, लाईनिग का कार्य व चैराहा विकसित करने एवं रंग-रोगन व सफाई का कार्य के निर्देश प्रदान किये गये एवं सभी चैराहों पर लेफ्ट साईड डिवाईडर हेतु संयुक्त निरीक्षण कर

जिला कलैक्टर जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली।

निर्माण की कार्यवाही के निर्देश दिये गये। जिले में छात्र-छात्राओं/आमजन को ट्रैफिक पार्क में यातायात नियमों की जानकारी एवं 18 वर्ष से कम छात्र-छात्राओं को विद्यालय परिसर में वाहन लाने पर चालान बनाने व अभिभावको के साथ बैठक आयोजित कर समझाईश करने के लिए सरकारी एवं गैर सरकारी संस्था प्रधान को निर्देश दिये एवं सभी विद्यालयों (सरकारी/गैर सरकारी) में संचालित वाहनों में क्षमता से अधिक बच्चो को नहीं बैठाने के निर्देश दिये।गुड सेमिरिटन योजना का व्यस्त चैराहो, रेल्वे स्टेशन, बस स्टेण्ड, आजाद चैक, अहिंसा सर्किल, आपातकाल चिकित्सालय कक्ष, जिला कलेक्टेट व दुर्घटना सम्भावित स्थलों पर बैनर-पोस्टर लगाकर योजना का प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये एवं नुक्कड़-नाटक के द्वारा भी योजना का प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश दिये गये। आईरेड सॉफ्टवेयर पर प्रविष्टियों का तत्काल निस्तारण करने के निर्देश प्रदान किये गये। जिले से गुजरने वाले नेशनल एवं स्टेट हाईवे पर नो पार्किंग जोन में वाहनों को खड़े करने वाले वाहन चालकों एवं विपरीत दिशा से आने वाले वाहनों के चालकों के विरूद्व एनएचएआई/आरएसआरडीसी से समन्वय स्थापित कर समझाईश करना, चालान बनाना, चालको के लाईसेन्स निलम्बित करना, निरन्तर पेट्रोलिंग करना व पेट्रोलिंग में लगाये वाहनों की संख्यात्मक प्रगति प्रस्तुत करने, टोल प्लाजा से गुजरने वाले, जिले में संचालित एवं खनिज क्षैत्र में चल रहे ट्रेक्टर, ट्रोलियों, अर्थमूवस व अन्य वाहनों पर अधिक से अधिक वाहनो पर रिफ्लेक्टर टेप लगाना, शहर की सड़को से निराश्रित पशुओं को सरकारी काईन हाउस में पहुंचाने के निर्देश दिये गये। शहर के चैराहो पर अस्थाई एवं स्थाई दुकानदारों द्वारा सड़क पर अतिक्रमण हटाने एवं चैराहे का सौन्दर्यकरण करने के निर्देश दिये गये।

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

टोडरमल लेन, सिविल लाईन्स, अजमेर

Web Site - www.ada.rajasthan.gov.in | E-Mail - ajmerada@gmail.com Tel. No. - 0145-2627748, 2627749

ई-नीलामी में अमानत राशि जमा एवं बोली दिनांक 01.08.2026 से लगाई जा सकती है।
भूखण्डों की ई-नीलामी दिनांक 06.08.2026 से 22.10.2026

195 आवासीय, व्यावसायिक, फार्म हाउस एव रिसोर्ट भूखण्ड
- पूर्ण भुगतान के लिए 180 दिवस का समय
- 15 दिवस में पूर्ण राशि जमा कराने पर 2 प्रतिशत की छूट

11 दीन दयाल उपाध्याय पुरम (ई-ब्लाक) आवासीय भूखण्ड	15 कोटडा आवासीय भूखण्ड	12 पृथ्वीराज नगर आवासीय भूखण्ड
10 विजयाराजे सिंधिया नगर शॉप्स भूखण्ड (RERA REGN NO- RAJ/P/2017/373)	20 बी के कॉल नगर आवासीय एवं व्यावसायिक भूखण्ड	09 हरिभाऊ उपाध्याय नगर विस्तार आवासीय भूखण्ड
02 इन्द्रा कॉम्पलेक्स शॉप्स भूखण्ड	29 महाराणा प्रताप नगर आवासीय भूखण्ड	11 पंचशील नगर आवासीय भूखण्ड
17 चन्द्रवरदाई नगर आवासीय भूखण्ड	02 ट्रांसपोर्ट नगर शॉप व शो रुम, रिपेयर शॉप एवं व्यावसायिक भूख.ड	10 हरिभाऊ उपाध्याय नगर मुख्य आवासीय एवं व्यावसायिक भूखण्ड
04 तीर्थराज पुष्कर फार्म हाउस योजना कानस पुष्कर भूखण्ड (RERA REGN NO- RAJ/P/2026/4612)	15 फार्म हाउस, ईकोलोजिकल हाउस एवं रिसोर्ट योजना फेज-1 सूरज कुण्ड (RERA REGN NO- RAJ/P/2021/1690)	28 ब्रह्मा एन्क्लेव कानस पुष्कर रिसोर्ट भूखण्ड (RERA REGN NO- RAJ/P/2025/4229)

RERA Web Site - www.rera.rajasthan.gov.in

भूखण्डों की अधिक जानकारी के लिए कॉल करे:- 9785545954/7976559227/8114469662/9166302778

ई-नीलामी की अधिक जानकारी के लिए कॉल करे:- 6378528215

टोडमरल लेन, सिविल लाईन्स, अजमेर- 305001